Annualreport-18-19.pdf

# डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, रायपुर, छ.ग.

## विशिष्ट कार्यो के संबंध में प्राचार्य द्वारा दिया गया प्रतिवेदन वर्ष 2018-19

1. **प्रवेश** – सत्रारंभ में महाविद्यालय में प्रवेश कार्य उच्च शिक्षा विभाग/विश्वविद्यालय के नियमानुसार किया गया। महाविद्यालय में कुल 1072 छात्राओं ने प्रवेश लिया।

2. **एन्टी रेगिंग समिति**– सत्रारंभ में ही अनुशासन समिति एवं एन्टी रैगिंग समिति का गठन कर लिया गया। आज दिनांक तक महाविद्यालय में किसी भी छात्रा की रैगिंग संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। महाविद्यालय में अनुशासन बना रहे इसके लिए बाहरी तत्वों का प्रवेश रोका गया। सुप्रीमकोर्ट की धारणा के अनुकूल उडनदस्ता तथा एंटी रैगिंग स्कैवड (ARS) का गठन संपन्न किया गया

3. **छात्रवृत्तियाँ**– पिछड़ा वर्ग की 105 छात्राएं, अनु. जाति 33 अनु.जनजाति की 19 छात्राओं, को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तियां, 271 छात्राओं की बी.पी.एल छात्रवृत्ति 02 अल्पसंख्यक एवं 06 मेरिट कम पोस्ट मैट्रिक केन्द्रीय छात्रवृत्ति प्रदान की गयी है। इस वर्ष डॉ. बी.आर. अम्बेडकर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत सामान्य वर्ग की 09 निर्धन छात्राओं का भी प्रस्तावत प्रेषित किया गया है।

4. **प्रोत्साहन पुरस्कार**– महिला सेवा एवं कल्याण समिति रायपुर द्वारा कला एवं विज्ञान संकाय की सर्वाधिक अंक प्राप्त अंतिम वर्ष की छात्राओं को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

5. **मेधावी छात्रा पुरस्कार योजना**– महाविद्यालय में यह योजना प्रारंभ की गई जिसमें विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्राओं, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी छात्रा, सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी कैडेट एवं सर्वश्रेष्ठ एन.एस.एस छात्रा को पुरस्कार दिए गए। यह पुरस्कार राशि दानदाताओं द्वारा दी गई। यह योजना अनवरत जारी रखी जाएगी। इस पुरस्कार योजना में समाज के गण मान्य नागरिकों के अलावा जनभागीदारी सदस्यों के द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया।

6. **शैक्षणिक कैलेन्डर** – सत्र् 2018-19 के लिए उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक कैलेण्डर घोषित किया गया। छात्राओं के सम्यक मूल्यांकन की व्यवस्था हेतु आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा का निर्देश है। महाविद्यालय

द्वारा अकादमिक कैलेण्डर के निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। 'प्रथम सत्र् परीक्षा', 'द्वितीय सत्र् परीक्षा', 'प्री फाइनल परीक्षा' महाविद्यालय स्तर पर की गई। अंतिम परीक्षा वार्षिक परीक्षा की पूर्व तैयारी के सदृश्य कराई गई। इसके अतिरिक्त चार यूनिट टेस्ट मासिक लिए गए। महाविद्यालय में समस्त सातों परीक्षा आयोजित की गई ताकि छात्राएं अनवरत रूप से अध्ययनरत् रहें।

7. **खेलकूद**– छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के खेल केलेण्डर के अनुसार खेल विधाओं का आयोजन एवं प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने सेक्टर/राज्य/ एवं अंतर वि.वि. स्तर पर महाविद्यालय की छात्राओं निम्नानुसार भाग लिया।

1. कबड्डी – सेक्टर लेवल – कु. दामिनी कुम्हार का सलेक्टन राज्य स्तर की प्रतियोगिता हेतु हुआ।
2. फूटबॉल – राज्य स्तरीय – कु. जंयती एवं प्रीति फुटाना का सलेक्शन ऑल इंडीया इंटर यूनिर्वसीटी प्रतियोगिता हेतु हुआ।
3. क्रिकेट – राज्य स्तरीय
4. एथेलेटिक – सेक्टर स्तरीय/राज्य स्तरीय कु. दामिनी कुम्हार ने लंबी कूद में प्रथम एवं 100मी रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया
5. बास्केटबॉल – सेक्टर स्तर पर बास्केटबॉल में ट्रायल हेतु
6. स्वीमिंग – सेक्टर लेवल में महाविद्यालय की 3 छात्राओं ने सेक्टर लेवल प्रतियोगिता में भाग लिया। सारा लोगन ने 200 मी फ्री स्टाइल रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सत्र् 2018–19 में महाविद्यालय द्वारा सेक्टर एवं राज्य स्तरीय निम्नलिखित प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया।

1. टेबल टेनिस (म/पु) प्रतियोगिता (सेक्टर लेवल)
2. स्वीमिंग (म/पु) प्रतियोगिता (राज्य स्तरीय)
3. टेबल टेनिस (म/पु) प्रतियोगिता (राज्य स्तरीय)

महाविद्यालय के कीडा विभाग द्वारा छात्राओं को जागरूक एवं उत्साहवर्धन करने हेतु निम्नलिखित विधाओं का आयोजन किया

1. बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता
2. म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता
3. स्लो सायकल रेस प्रतियोगिता
4. रस्सीकूद प्रतियोगिता
5. हाउसी प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।

महाविद्यालय द्वारा हर वर्ष की तरह ही वार्षिक खेल मीट का आयोजन किया गया जिसमें 100 मी रेस, 200 मी रेस 200 मी रेस, शार्टपूट एवं जावेलीन का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।

8. **एनएसएस–** सत्र् 2018–19 में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योगा दिवस, वृक्षारोपण, डेंगू नियंत्रण व्याख्यान, कुष्ठ आश्रम में सामग्री वितरण एवं जनजागरूकता व पर्यावरण स्वच्छता संबंधी कार्य किये गये।

9. **एनसीसी–** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जून 2018 से फरवरी 2019 तक एन.सी.सी की गतिविधियां महाविद्यालय में संपादित की गयीं। जिसमें प्रथम वर्ष में 20 एवं द्वितीय वर्ष में 29 एवं तृतीय वर्ष में 21 छात्राओं ने प्रवेश लिया महाविद्यालय में कार्य दिवसों के दौरान हर शनिवार को परेड डे के तहत एन.सी.सी केडेटो को परेड का अभ्यास एवं थ्योरी क्लासेस ली गई। सत्र् 2017–18 में 09 कैडेटो ने “सी” सर्टिफिकेट एवं 22 कैडेटो ने “बी” सर्टिफिकेट के लिये परीक्षा उत्तीर्ण की है। सत्र् 2018–19 में 13 (CATC-04, TSC-04, RDC-05, NIC-01) कैम्प अलग–अलग स्थान पर हुए है।

दिनांक 21.06.2017 को विश्व योगा दिवस राष्ट्रीय प्रौद्योगिकीय संस्थान रायपुर में मनाया गया। जुलाई माह में वृक्षारोपण किया गया। 15 अगस्त 18 को पुलिस ग्राउंड में महाविद्यालय की 10 एन.सी.सी कैडेटों ने भाग लिया। 26 जुलाई 18 को विश्व कारगिल दिवस, सुभाष स्टेडियम में मनाया गया। 22 सितंबर 2018 को ‘‘स्वच्छ भारत अभियान‘‘ के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर को सभी एन.सी.सी. छात्राओं द्वारा साफ किया गया। 29 सितबर 18 को सजिकिल स्टारक ‘दिवस‘ महाविद्यालय परिसर में मनाया गया। 3 नवबंर 18 को ‘‘स्वस्थता पखवाड़ा‘‘ के दौरान महाविद्यालय के गार्डन को साफ किया। 25 नवम्बर 18 को एनसीसी दिवस कुष्ठ रोग आश्रम जाकर रोगियों को कपडे एक मिठाई बाटकर मनाया गया। 05.12.18 को शा. दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय में ‘‘ प्राकृतिक आपदओं‘‘ के उपर सेमिनार में भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी. कैडेट शिवानी वर्मा को दिया गया। 26 जनवरी को पुलिस ग्राउंड की परेड में कैडेट्स ने भाग लिया एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया।

10. **ग्रंथालय–** छात्राओं के संपूर्ण विकास के लिए महाविद्यालय में ग्रंथालय की व्यवस्था है, जिसमें विभिन्न मदों को मिलाकर कुल 16578 पुस्तकें उपलब्ध हैं। इस सत्र् में शासन द्वारा प्राप्त आबंटन से ग्रंथालय में 575 पुस्तकों की वृद्धि हुई है। महाविद्यालय में 3 समाचार पत्र, 8

पत्रिकाएं तथा 08 शोध पत्रिकाएं नियमित रूप से आती हैं जिनका उपयोग छात्राएँ, शोधार्थी एवं प्राध्यापक करते हैं। ग्रंथालय में लाइब्रेरी मेनेजर, साफ्ट वेयर के माध्यम से कार्य प्रारंभ, 310 छात्राओं को बुक बैंक योजना के तहत् लाभान्वित किया गया ।

11. **सांस्कृतिक गतिविधियाँ–** महाविद्यालय में छात्राओं की मौलिक एवं रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करने हेतु सत्र भर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा। दिनांक 11.08.2018 को राखी बनाओ एवं मेंहदी स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें कुल 59 एवं 46प्रतिभागी ने हिस्सा लिया। दिनांक 08.09.2018 को पुष्प सज्जा ग्रिटिंग कार्ड एवं गिफ्ट रैपिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 4,19 एवं 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया दिनांक 03.11.2018 को रंगोली, दीया सजाओ एवं अल्पना स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें 24, 30 एवं 12 छात्रओं ने भाग लिया। दिनांक 15.12.18 को एकल एवं समूह गान का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 27 छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 21.12.2018 को वार्षिकोत्सव के अंतर्गत भारतीय दुल्हने, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य का आयोजन किया गया जिसें 18,26 छात्रओं एवं15 समूहों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। दिनांक 22.12.2018 को धरसींवा विकासखंड के युवा उत्सव के अंतर्गत आयोजित लोकगीत स्पर्धा ने महाविद्यालय की बरखा नाग ने भागीदारी की तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

12. **साहित्यिक गतिविधियां–** सत्र् 2018–19 में साहित्य समिति के द्वारा आई. क्यू.ए.सी. के तहत अध्ययन आध्यापन के अतिरिक्त छात्राओं में हिन्दी भार्षा एवं साहित्य के प्रति अभिरूचि ज्ञानवर्द्धन के लिए विविध साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया गया । जुलाई में प्रेमचंद्र जयंती के उपलक्ष्य में प्रेमचंद द्वारा रचित प्रसिद्ध कहानी ' नमक का दरोगा' का नाट्य रूपान्तरण श्री ललित सुरजन, दैनिक देशबंधु रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार एवं सम्पादक के मुख्य आतिथ्य में महाविद्यालयीन छात्राअें द्वारा सफल अभिनय किया गया। सितंबर में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 8 से 14 सितंबर तक हिन्दी कहानी पाठ एवं समीक्षा विषय पर सात दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का सार्थक आयोजन किया गया। नवबंर में वक्तामंच के तहत छत्तीसगढ़ की महान विभूतियाँ विषय पर छत्तीसगढ़ के अनेकानेक संत, शहीदवीर, महापुरूषों एवं लोक कलाकारों को लेकर 53 छात्राओं ने अपने विचार रखे

जनवरी 2019 में अर्न्तमहाविद्यालयीन कविता पाठ एवं वाद- विवाद प्रतियोगिता के अन्तर्गत शासकीय दू.ब. स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, कलिंगा विश्वविद्यालय एवं डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर आदि महाविद्यालयों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

13. **सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता** – महाविद्यालय में दिनांक 28.08.2018 को Current Affairs पर क्वीज,, दिनांक 25.08.2018 को छत्तीसगढ़ के पर्यटन, खेलकूद पुरस्कार कृषि एवं खनिज से संबंधित विषय पर, दिनांक 01.10.2018 को महात्मा गॉधी की जंयती पर Quiz दिनांक 24.11.2018 को पर्यावरण से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता दिनांक 15.12.2019 Current Affairs पर क्वीज, तक मानसिक गणित की सीरीज, गणित विभाग द्वारा महाविद्यालय की समस्त छात्राओं के लिए आयोजित की गई।

14. **कैरियर काउंसलिंग सेल**- सत्र् 2018-19 में भी पिछले सत्र् की भांति छात्राओं को स्वावलंबी बनाने व मार्गदर्शन किया गया।
    - दिनांक 04.08.2018 को जेम एकेडमी रायपुर द्वारा कैरियर ऑप्शन हेतु डायरेक्टर श्री राहुल सिंह द्वारा एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 25.08.2018 को अल्फानेट ग्लोबल इंस्टीट्यूट द्वार बी.कॉम. एवं पी.जी की छात्राओं हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 23.09.2018 को रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम द्वारा व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण हेतु शिविर में छात्राओं ने भागीदारी की।
    - दिनांक 23.09.2018 को N.I.B.F. द्वारा बैंकिंग एवं फाइनेस सेक्टर में कैरियर हेतु छात्राओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई एवं महाविद्यालय की 20 छात्राओं ने N.I.B.F. जाकर प्रशिक्षण भी प्राप्त किया ।
    - छ.ग. शासन द्वार छ.ग. युवा आयोग द्वारा Shinning Youth स्पर्धा का अयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय कि 48 छात्राओं द्वारा छ.ग. शासन की लोक कल्याण कारी योजना के बारे में विडियो तैयार कर प्रेषित किया।
    - Tata Institute of Social Sciences के अंतगर्त NUSSD के State Programme Manager श्रीनीवास के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की वाणिज्य की 35 छात्राओं हेतु कौशल विकास का कार्यक्रम संचालित किया गया। इस कार्यक्रम